डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 16 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 24 अक्टूबर 2024 | मूल्य 2 रुपया






## लहसून का बढ़ा रकबा, गेहूं का हुआ कम

**मंदसौर, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पर्याप्त बारिश के बाद भी जिले में गेहूं का रकबा 7 हजार हेक्टेयर कम किया गया है। विभाग ने इसके पीछे तर्क दिया कि लहसून सहित दलहन-तिलहन की फसलों को बढ़ावा देने के लिए गेहूं का रकबा कम किया गया है। इन दिनो रबी सीजन की तैयारियों का दौर चल रहा है। जिले में इस बार सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी है। ऐसे में माना जा रहा है कि गेहूं की बोवनी अधिक होगी तो उत्पादन भी बंपर होगा। इधर कुल बोवनी का क्षेत्रफल भी कम कर दिया गया है। जिले के एक लाख 85 हजार हेक्टेयर में इस बार गेहूं की बोवनी करना विभाग ने प्रस्तावित किया है। रबी सीजन में दो लाख 97 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बोवनी की जाएगी, जबकि पिछली बार 3 लाख 1 हजार हेक्टेयर में बोवनी की गई थी।

बता दें कि सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी के बाद भी अन्य फसलों का रकबा बढ़ने के कारण गेहूं का रकबा कम हो रहा है। लहसून का जिले में रकबा बढ़ रहा है तो वहीं चना, मसूर व सरसों में अधिक लक्ष्य रखा गया है। वर्ष 2022 में जहां दो लाख 4 हजार 896 हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की बोवनी हुई थी। वर्ष 2023 में एक लाख 95 हजार हेक्टेयर का लक्ष्य था। लेकिन, इस बार सिर्फ 1 लाख 85 हजार हेक्टेयर में बोवनी गेहूं की होगी। गेहूं के अलावा रबी सीजन में चने का रकबा करीब 800 हेक्टेयर तो मसूर का रकबा एक हजार हेक्टेयर बढ़ेगा। वहीं सरसो और अलसी का रकबा करीब 500-500 हेक्टेयर बढ़ेगा।

### पांच साल में घटा फसलों का सिचिंत रकबा...

वर्ष 2019 में जिले में आई बाढ़ के बाद रबी सीजन में खेती का रकबा भी बढ़ा तो गेहूं का क्षेत्रफल व उत्पादन भी बढ़ा। साल दर साल इसमें बढ़ोतरी होती रही लेकिन पांच साल में जिले में कुल खेती का क्षेत्रफल भी घटा तो गेहूं की बोवनी का क्षेत्रफल भी इस बार कम हुआ। पिछले दो सालों में गेहूं का रकबा कम किया जा रहा है। हालांकि कम रकबा होने के बाद भी रबी सीजन में सबसे अधिक बोवनी जिले में गेहूं की हो रही है तो उत्पादन भी गेहूं का ही सबसे अधिक हो रहा है।

# ड्रग्स कांड के तार दलौदा से भी जुड़े?

## अखेपुर से पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार, प्रेमसुख की भी विदेशी लिंक मिली, जैल भेजा



**मंदसौर, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। भोपाल ड्रग्सकांड के तार कहीं न कहीं दलौदा से भी जुड़ने की आशंका जताई जा रही है। समीपस्थ राजस्थान के तीन जिलों की पुलिस द्वारा अखेपुर में की गई कार्रवाई इस और ईशारा कर रही है। वहां से पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिसमें एक दलौदा का जहिर पठान भी शामिल है। इस कार्रवाई को भोपाल ड्रग्स कांड से ही जोड़ा जा रहा है। फिलहाल अधिकारिक रूप से खुलासा नहीं हुआ है। इधर प्रेमसुख पाटीदार को रिमांड खत्म होने के बाद एनसीबी ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जैल भेज दिया गया है। रिमांड के दौरान प्रेमसुख पाटीदार की विदेशी लिंक भी एजेंसी को मिली है।**

मादक पदार्थों की तस्करी के लिए कुख्यात राजस्थान के अखेपुर गांव में तीन जिलों की पुलिस ने बड़ी कारवाई की। तस्करों और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए गए सर्च ऑपरेशन में पुलिस ने दो हिस्ट्रीशीटर सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया और चार लावारिस वाहनों को भी जप्त किया। पुलिस की इस कार्रवाई को हाल ही में भोपाल में पकड़ी गई करीब 2000 करोड़ रुपए की ड्रग्स के मामले से जोड़ा जा रहा है।

प्रतापगढ़ के पुलिस कप्तान विनीत कुमार बंसल ने बताया कि बांसवाड़ा रेंज आईजी एस. परिमाला के निर्देशन में बांसवाड़ा, डूंगरपुर और प्रतापगढ़ जिले की पुलिस ने संयुक्त रूप से अखेपुर गांव में दबीश दी। इस दौरान कुख्यात हिस्ट्रीशीटर शेरनवाज पठान, फैजल खान पठान (दोनों अखेपुर निवासी) और मध्य प्रदेश के दलौदा निवासी जहीर पठान को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इस ऑपरेशन में चार लावारिस वाहन भी जब्त किए।

### मंत्री के बयान के बाद हरकत में आई राजस्थान पुलिस...

यह कार्रवाई मध्य प्रदेश के मंत्री और भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय द्वारा प्रतापगढ़ के तस्करों के मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल होने के बयान के बाद की गई है। हाल ही में मध्य प्रदेश के भोपाल में 2000 करोड़ की एमडी ड्रग्स पकड़ी गई थी, जिसके बाद प्रतापगढ़ और अखेपुर गांव के तस्करों की संलिप्तता की आशंका जताई जा रही थी। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद तस्करों में खलबली मच गई है। हालांकि, अभी तक इस ऑपरेशन में कोई बड़ी सफलता हाथ नहीं लगी है। फिलहाल गिरफ्तार बदमाशों से पूछताछ जारी है।

### कुछ और बड़ी कार्रवाई संभावित...

बगरोदा की बंद फैक्ट्री से बरामद 1814 करोड़ रुपए के मेफेड्रोन (एमडी) ड्रग्स मामले में गिरफ्तार किए गए प्रेमसुख पाटीदार को कोर्ट ने जैल भेज दिया। चार दिन की रिमांड पूरी होने पर एनसीबी ने उसे पेश किया था। एनसीबी के विशेष लोक अभियोजक सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि प्रेमसुख 5 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में रहेगा। कोर्ट के आदेश पर भोपाल पुलिस ने रापड़ स्थित गोदाम से बरामद ड्रग्स मटेरियल एनसीबी के सुपुर्द कर दिया है। एनसीबी ने इसकी जानकारी कोर्ट को दी। खबर यह भी है कि प्रेमसुख से विदेशी लिंक का पता चला है। अगले कुछ दिनों में और बड़ी कार्रवाई हो सकती है। ऐसे संकेत दिए गए हैं।

### ओम और रब नवाज समेत 6 की तलाश जारी...

राजधानी के बगरोदा ड्रग्स फैक्ट्री के मामले में अब और भी नाम आए हैं। शोएब लाला, रब नवाज और ओम पाटीदार समेत 6 लोगो को एनसीबी ढूंढ रही है। पहले माना जा रहा था कि प्रेमसुख पाटीदार शोएब लाला को ड्रग्स सप्लाई करता है। मंदसौर पुलिस की गिरफ्त में आए प्रेमसुख पाटीदार ने पूछताछ में खुलासा किया था कि 400 किलो माल भोपाल की फैक्ट्री में तैयार होकर दो खेप में उसके जरिए शोएब लाला तक हरीश आंजना पहुंचा भी चुका था। शोएब प्रतापढ़ में बनाए गए सप्लाई सेंटर से देश के अन्य राज्यों में एमडी ड्रग्स की तस्करी करता था। इन राज्य के सीमावर्ती जिलों में यह डील की जाती थी। बता दें कि थाने में सरेंडर से पहले उसने पुलिस की मौजूदगी में खुद को गोली मार ली थी।



**अव्यवस्था**–कार्तिक पूर्णिमा पर मेला लगाने की तैयारी नगरपालिका द्वारा शुरु कर दी गई। लेकिन, शिवना नदी पर बनी छोटी पुलिया की पूरी रैलिंग टूटी हुई है। जबकि, सबसे ज्यादा आवागमन मेले के दौरान इसी छोटी पुलिया से होता है। ऐसे में यहां की रैलिंग व्यवस्था को सुधारना बहुत जरूरी है।





# नगरपालिका हुई सख्त, हटाया अतिक्रमण

**मंदसौर, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। शहर की सड़कें अतिक्रमण की भेट चढ़ चुकी है। लेकिन फिर भी नगर पालिका और ना ही यातायात विभाग अतिक्रमण हटाने के प्रयास ईमानदारी से कर रहे है। लेकिन, जैसे ही दीपावली का त्यौहार नजदीक आया तो नपा अमला सड़क पर उतर आया और सड़क किनारे से अस्थायी अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की। वैसे भी त्योहारी सीजन में नगर के बाजारों में भीड़-भाड़ होने लगी है। ऐसे में कुछ व्यापारियों ने अपनी दुकानों के बाहर सड़क तक सामान जमा दिया, जिससे आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। जिसके चलते नपा और यातायात अमले ने यह कार्यवाही की।**

बुधवार को नगर पालिका और यातायात अमले ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शहर के व्यस्ततम मार्गों पर फैले अतिक्रमण को हटाया। अमले ने बीपीएल चौराहा, गांधी चौराहा, बस स्टैंड, भारत माता चौराहा और बड़े अस्पताल के बाहर दुकान संचालकों, ठेला व्यवसायियों का सड़कों तक फैला अतिक्रमण हटाया।

अतिक्रमण टीम के राजेश दावरे ने बताया कि त्योहार के सीजन में बाजार में भीड़ रहेगी। इसको देखते हुए जिन लोगों ने सड़क तक सामान फैलाया है, उन्हें समझाइश दी जा रही है कि दुकान का सामान दुकान के अंदर ही रखें। इससे यातायात सुगम बना रहेगा। बुधवार को बीपीएल चौराहा से अतिक्रमण हटाने की मुहिम शुरू की गई है। यह शुक्रवार भी जारी रहेगी। बता दें की शहर में सड़कों के हाल बेहाल हैं, यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है। क्योंकि शहर में कहीं भी पार्किंग नही है और ना ही अतिक्रमण को रोकने के लिये कोई तैयार है। इसको लेकर पिछले दिनों कलेक्टर-एसपी तक शहर का अवलोकन कर चुके हैं। लेकिन, फिर भी कोई ठोस योजना नही बनी। ना तो अतिक्रमण का निदान हो पाया और ना ही पार्किंग के लिये कोई जगह चिन्हित की गई।

### मारपीट के मामले में 5 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों पर क्रास प्रकरण दर्ज किया। अरनिया जटिया निवासी वन्नानाथ उर्फ मन्नानाथ पिता जालमनाथ कालबेलिया ने बूढ़ा चोकी पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे घर के बाहर भतीजे जयपाल की पत्नी अनिताबाई ने कपड़े सुखाने के लिए रस्सी बांध रखी थी। मैंने रस्सी खोलने के लिए बोला तो जयपाल व अनिताबाई के साथ ही प्रभुनाथ, तोफान व सागरबाई कालबेलिया ने गांली-गलौज की व मारपीट की। जिससे चोंट आई। पुलिस ने पांचों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

# ऑनलाइन जमा नहीं हो रहे बिजली बिल

## एप्लीकेशन नहीं कर रही काम, आ रही परेशानी




**मंदसौर, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** बिजली उपभोक्ता इन दिनो अपने बिल का ऑनलाइन पेमेंट नहीं होने से परेशान हो रहे हैं। ये उपभोक्ता वे हैं जो यूपीआई के जरिए बिल का ऑनलाइन भुगतान करते हैं। कुछ उपभोक्ता ऐसे भी हैं जो 2 दिन से ऑनलाइन मोड से बिल नहीं भर पा रहे हैं।

बिजली कंपनी के अधिकारी बताते हैं बिजली बिलों का ऑनलाइन पेमेंट करने की दो तरह की व्यवस्थाएं हैं। एक यूपीआई से भारत बिल पेमेंट (बीबीपीएस) के जरिए भुगतान होता है। दूसरा थर्ड पार्टी एप्लीकेशन के जरिए यूपीआई से पेमेंट किया जा सकता है। यूपीआई के अलावा उपभोक्ता एमपी ऑनलाइन और कॉमन सर्विस सेंटर से भी बिजली बिल भर रहे हैं। शहर में ऑनलाइन मोड से बिल भरने वाले 70 प्रतिशत उपभोक्ताओं में से इनकी संख्या 27 प्रतिशत है। कंपनी के जोन दफ्तरों में लैपटॉप लेकर बैठने वाले एक संस्था के कर्मचारियों के जरिये भी ऑनलाइन पेमेंट किया जा रहा है।

### इनका कहना...

हमारी ओर से कोई तकनीकी परेशानी या गड़बड़ी नही है। यह थर्ड पार्टी यूपीआई एप के रिस्पॉन्स में कोई खामी हो सकती है। पिछले पांच दिनों में 2 लाख से ज्यादा ट्रांजेक्शन हुए हैं। इनके जरिए 38 करोड़ रुपए का भुगतान हुआ है।

**अभिषेक मार्तंड, जनरल मैनेजर, आईटी सेल, विद्युत वितरण कंपनी**

## भावना पमनानी बनी मेला सभापति

**मंदसौर, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री पशुपतिनाथ महादेव मेले के आयोजन को लेकर इस बार नगरपालिका जाग्रत अवस्था में हैं। यही कारण हैं की इस बार समय रहते नगरपालिका के कर्णधारों ने मेला समिति का गठन कर दिया हैं।




नगर पालिका सीएमओ सुधीरकुमार सिंह ने बताया कि आगामी 11 नवम्बर से 30 नवम्बर तक आयोजित होने वाले 20 दिवसीय भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मेले के आयोजन हेतु नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने मेला समिति का गठन किया है। खानपुरा क्षेत्र वार्ड क्रमांक 32 की पार्षद एवं दक्षिण मण्डल महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती भावना जयप्रकाश पमनानी को मेला समिति का सभापति मनोनीत किया गया है। समिति में सदस्यों के रूप में पार्षद श्रीमती रेखा राजेश सोनी एरावाला, ईश्वरसिंह चौहान एडव्होकेट, दिपक गाजवा, श्रीमती माया नीलमचंद भावसार, श्रीमती दिव्या अनूप माहेश्वरी, श्रीमती संगीता शैलेन्द्रगिरी गोस्वामी को शामिल किया गया है। मेला समिति आगामी समय में मेले के आयोजन को लेकर कार्य करेंगी।

### सरकारी स्कूलों के गुरुजी कर रहे हाईटेक बनने से परहेज...

# 80 प्रतिशत शिक्षकों ने नहीं लिया टैबलेट

**भोपाल, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** सरकारी स्कूलों में पढ़ाई-लिखाई को तकनीक से जोड़ने की कवायद फैल होती दिख रही है। इसका कारण है कि अधिकतर शिक्षकों की हाईटेक होने में दिलचस्पी नहीं है। करीब 80 प्रतिशत शिक्षकों ने वह टैबलेट ही नहीं खरीदा, जिसके जरिए स्कूलों में पढ़ाई-लिखाई और निगरानी तंत्र को अधिक कारगर बनाने की योजना है।



प्रदेश के सरकारी स्कूलों में स्मार्ट कक्षाओं के साथ-साथ शिक्षकों को भी तकनीक से लैस किया जा रहा है। मौजूदा सत्र में छठवीं से आठवीं कक्षा तक के शिक्षकों को टैबलेट दिया जाना है। इसके तहत प्रदेश के 35 हजार शिक्षकों को टैबलेट खरीदने को कहा गया था। इनमें से केवल सात हजार ने ही टैबलेट खरीदा। यानी सिर्फ 20 फीसदी शिक्षकों ने इस योजना में दिलचस्पी दिखाई। शेष 80 प्रतिशत ने टैबलेट खरीदने में रुचि नहीं दिखाई है।

विभाग का कहना है कि टैबलेट में पूरा पाठ्यक्रम अपलोड होगा। इसके माध्यम से शिक्षक कक्षा में बच्चों को पढ़ाएंगे। प्रदेश में 75 हजार माध्यमिक शिक्षक हैं, जिनको चरणबद्ध तरीके से ऐसे टैबलेट से लैस किया जाना है। राज्य शिक्षा केंद्र ने आदेश जारी कर माध्यमिक स्कूलों के शिक्षकों को 30 नवंबर तक टैबलेट हर हाल में खरीदकर रसीद अपलोड करने के निर्देश दिए हैं, ताकि राशि का भुगतान 31 दिसंबर से पहले उनके खातों में कर दिया जाए।

### विभाग देगा 15 हजार रुपए...

बताया जा रहा है कि टैबलेट खरीदने के लिए प्रति शिक्षक 15 हजार रुपये का भुगतान किया जाएगा। ऐसे में 75 हजार शिक्षकों को टेबलेट खरीदने के लिए करीब 113 करोड़ रूपये की राशि मंजूर की गई है।

### ऑनलाइन बैठक से लेकर प्रशिक्षण होगा आसान...

अधिकारियों का कहना है कि टैबलेट खरीदी के बाद माध्यमिक शालाओं के शिक्षक भी कक्षा की स्मार्ट क्लास ले सकेंगे। वहीं डिजिटल पोर्टल से बच्चों को पढ़ाने और सिखाने लायक जानकारी जुटाई जा सकेगी। शिक्षक के आनलाइन मीटिंग और प्रशिक्षण का काम भी इससे आसानी से हो सकेगा।

### इनका कहना...

माध्यमिक कक्षाओं के शिक्षकों को 30 नवंबर तक टैबलेट खरीदने के निर्देश दिए गए हैं। इससे कक्षाओं में शिक्षक ऑनलाइन पढ़ा सकेंगे।

**हरजिंदर सिंह**
**संचालक, राज्य शिक्षा केंद्र**







## गुरु पुष्य आज, गुलजार होगा बाजार

**दीपोत्सव के पहले आज गुरु पुष्य का योग बन रहा है। इस दिन खरीदी अच्छी होने के चलते बाजार गुलजार होंगे। वाहन, आभूषण आदि की खरीदी के साथ ही छोटे दुकानदार भी अच्छी ग्राहकी को लेकर आशान्वित है। बुधवार को भी बाजार में अच्छी भीड़ देखी गई। मिट्टी के दीपक, कैलेण्डर, पोस्टर, बैनर, घरो व संस्थानो की सजावट के लिए आर्टिफिशल फूल व छोटे बच्चों के लिए पिस्टल की दुकानें लगना शुरू हो गई।**

# नागरिकों का संघर्ष व्यर्थ नहीं जाएगा, मंदसौर संभाग अवश्य बनेगा

## 22 वें दिन इंडियन मेडिकल एसो., दशपुर जागृति संगठन और सेवानिवृत्त पेंशनर्स संघ के प्रतिनिधि बने सहभागी



**मंदसौर, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर को संभाग बनाने के लिए आम जनों ने जो अभियान चलाया है निश्चित रूप से मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव गंभीरता पूर्वक नागरिकों की मांग पर गंभीरता पूर्वक विचार करेंगे और मंदसौर को संभाग बनाने का मार्ग जल्द ही प्रशस्त होगा।संभाग बनाओ आंदोलन के तहत गांधी चौराहा पर प्रतिदिन मंदसौर नागरिक मंच के तत्वावधान में चल रहे पोस्टकार्ड अभियान के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता और नागरिक आपूर्ति मंत्रालय के डायरेक्टर मदनलाल राठौर ने ये विचार व्यक्त किए।आपने कहा कि हम हर संभव प्रयास करेंगे कि मंदसौर संभाग बन जाए। पोस्टकार्ड अभियान के 22 वें दिन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, दशपुर जागृति संगठन तथा सेवानिवृत्त पेंशनर्स महासंघ के पदाधिकारी और प्रतिनिधि शामिल हुए सभी ने मुख्यमंत्री के नाम मंदसौर को संभाग बनाने की मांग के पोस्टकार्ड लिखे और आम जनों से भी पोस्टकार्ड लिखने का आह्वान किया।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सुरेश जैन ने कहा कि नागरिकों की संभाग बनाने की मांग को स्वीकार शासन को ध्यान देकर इसे संभाग घोषित करना चाहिए इससे हर क्षेत्र को लाभ मिलेगा। मंदसौर क्षेत्र अन्य जिलों की अपेक्षा विकास की दौड़ में काफी पिछड़ा हुआ है यदि संभाग बनता है तो निश्चित रूप से क्षेत्र की चहुंमुखी प्रगति होगी और हर वर्ग को इसका लाभ मिलेगा। चिकित्सा क्षेत्र को भी इसका लाभ मिलेगा। दशपुर जागृति संगठन के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र पुराणिक ने कहा कि मंदसौर को संभाग बनाने की मांग कोई नई नहीं है पिछले लगभग 3 दशकों से यह मांग चली आ रही है यहां के जनप्रतिनिधियों ने भी शासन को संभाग बनाने का प्रस्ताव भेज रखा है बावजूद इसके एक वाजिब और न्यायोचित मांग के लिए हमें लगातार संघर्ष करना पड़ रहा है शासन के लिए यह सोचने वाली बात है। सेवानिवृत्त पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार रामावत ने कहा कि नगर का हर वर्ग इस आंदोलन का सहभागी बना है निश्चित रूप से नागरिकों का किया गया यह संघर्ष व्यर्थ नहीं जाएगा और शासन हमारी मांग अवश्य पूरी करेगा। अभियान के 22 वें दिवस इंडियन मेडिकल एसो.के सर्वश्री डॉ सुरेश जैन, डॉ.प्रदीप चेलावत, डॉ.प्रियंक चेलावत, डॉ. सागरमल पामेचा,डॉ. भरत संगतानी डॉ. मुकेश कुमावत, डॉ. अजय व्यास, डॉ. सिद्धार्थ शिंदे, डॉ. सौरभ मंडवारिया,डॉ. महेश शर्मा, डॉ. प्रहलाद पाटीदार, दशपुर जागृति संगठन के सर्वश्री डॉ.देवेंद्र पुराणिक, इंजीनियर बीएस सिसोदिया, डॉ घनश्याम बटवाल,पं.अरुण शर्मा,आरसी पांडे, मदन लाल राठौर,चंद्र कुमार विश्नोई, जितेंद्र जैन, सत्येंद्र सिंह सोम, वंदना भावसार सीमा चौरड़िया,हरिशंकर शर्मा,शुभम सोनी,रवींद्र पांडेय, रमेश चंद्र चंद्रे ,सेवानिवृत्ति एवं पेंशन नागरिक महासंघ मंदसौर के सर्वश्री अशोक कुमार रामावत, चंद्रकांत शर्मा, संजय महाराणा, निरंजन पोरवाल, अनिल चौधरी, भूपेश पांडे, अशोक नागदा, आनंदीलाल पंड्या, देवकीनंदन पालरिया रमेश चंद्र भूरिया श्यामलाल सोनी अमृतलाल पांडे मंजुला पांडे कोमलचंद वागवार आदि उपस्थित थे। पोस्टकार्ड अभियान में अजीजुल्ला खान खालिद दृष्टानंद नेनवानी, नटवर भाई पारख, राधेश्याम मालवीय, श्रीमती सीमा चोरड़िया बंसीलाल टॉक आदि ने अपनी नियमित सेवाएं दीं। अभियान के 22 वें दिवस मंदसौर नागरिक मंच के वरिष्ठ सदस्य गुरु चरण बग्गा,रत्नेश कुदार,समन्वयक द्वय,नरेंद्र अग्रवाल ब्रजेश जोशी भी उपस्थित थे। 23 वें दिवस सकल ब्राह्मण समाज,वैश्य महासम्मेलन और कर सलाहकार संघ के पदाधिकारी व प्रतिनिधि पोस्टकार्ड अभियान में सम्मिलित होंगे।



# जाबाली कप क्रिकेट टूर्नामेंट के चतुर्थ दिवस मोरखेड़ा, चिकलाना व चिकलाना-2 ने जीते मैच

## चिकलाना ने आतिशी पारी खेलते हुए 10 ओवर में 127 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया

**मंदसौर, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मॉ जोगणिया माता सेवा समिति प्रवासी समुदाय मालवा प्रांत के तत्वावधान में नूतन क्रिकेट स्टेडियम में मां जोगणिया माता जाबालि कप 2024 क्रिकेट टूर्नामेंट के चतुर्थ दिवस मोरखेड़ा-माननखेड़ा, चिकलाना व डिगांवमाली, चिकलाना 2 व उकेड़िया के बीच मैच हुए जिनमें मोरखेड़ा, चिकलाना व चिकलाना-2 ने जीत दर्ज की।

चतुर्थ दिवस अतिथि के रूप में क्षेत्रीय सेवा प्रमुख ओमप्रकाश सिसौदिया, भाजपा मण्डल अध्यक्ष अरविन्द सारस्वत, वरिष्ठ पत्रकार महावीर अग्रवाल, नरेन्द्र अग्रवाल, नरेन्द्र धनोतिया, राजेश पाठक, राजपालसिंह परिहार, समाजसेवी भगवानसिंह चौहान, राजेन्द्रसिंह राणावत, पंकज जोशी, डॉ. दिनेश शुक्ला, विनोद मेहता, शरद मेहता, जसवंतसिंह, प्रवीण व्यास, जगदीश चौधरी, राकेश दुग्गड, दिलीप अग्रवाल, राजेन्द्र कुमार चाष्टा, सुनील हिरे, अभय माली, कमलेश डोसी, दीनदयाल भावसार, हितेश साल्वी, विजय कोठारी, महेश, वैष्णव बैरागी, देवेन्द्र मरच्या, गोपाल शर्मा, रॉकी यादव, कपिल मावर, सुनील पोरवाल, राजेन्द्र डबकरा, अंकुर डबकरा, रोहित जोशी, संजीव करवालिया, अर्पित श्रीवास्तव, मनोज यादव, शीतल कोतक, सुनीता देशमुख, आयुषी देशमुख, नन्दकिशोर राठौर, नारायणसिंह राठौर, हर्षल कुलकर्णी, शैलेन्द्र महाजन, नन्दकिशोर नागर, नरेन्द्र भावसार, चंदा डांगी, दीपक शर्मा, जितेन्द्रसिंह तोमर, जे.डी. शुक्ला, दिनेश शुक्ला, देवीलाल सुनार्थी, मेवाड़ा सेन समाज पंचायत नन्दकिशोर राठौर, महेशपरिहार, आदित्यसेन मारोठिया उपस्थित रहे। अतिथियों ने माँ जोगणिया माता एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। आयोजन के सूत्रधार रविप्रताप सिंह बुंदेला ने स्वागत उद्बोधन दिया। सभी अतिथियों का स्वागत मोती की माला पहनाकर प्रांत टोली विनोद मेहता, रूपदेव सिसोदिया, वासुदेव धनगर, राधेश्याम लोहार, देवीलाल सुनार्थी, बंटी दायमा, मुकेश दायमा, विजय शर्मा, बनवारी जी, नवीन खोखर, ब्रजेश सेन मारोठिया ने किया। आज के मैच के पिच क्यूरेटर निलेश खोखर लक्की, अंपायर वेदांत व्यास केशव मादलीय अब्बू अमन स्कोरर मिहिर सोलंकी रिदम नाहटा व रहे। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम लोहार ने किया एवं आभार विनोद मेहता ने माना।

**इनके बीच हुए मैच-** चतुर्थ दिवस सभी मैच 10-10 ओवर के हुए। पहला मैच मोरखेड़ा-माननखेड़ा बीच खेला गया। पहले खेलते हुए मोरखेड़ा ने 10 ओवर में 91 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए माननखेड़ा 62 रन पर ही ढेर हो गई। मोरखेड़ा ने 29 रन से जीत दर्ज की। मेन ऑफ द मैच बंटी रहे। दूसरा मैच चिकना व डिगांवमाली के बीच हुआ। चिकलाना ने आतिशी पारी खेलते हुए 10 ओवर में 127 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया जवाब में डिगांवमाली मात्र 49 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। चिकलाना ने 78 रन से विजयी प्राप्त की। मैन ऑफ मैच राहुल रहे। तीसरा मैच चिकलाना-2 व उकेड़िया के बीच खेला गया। पहले खेलते हुए उकेड़िया ने 10 ओवर में 60 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए चिकलाना ने 9 ओवर 4 गेंद पर 61 रन बनाकर 6 विकेट से जीत दर्ज कर ली। मैन ऑफ द मैच सूरज रहे। आयोजन समिति ने सभी खेल प्रेमियों से नूतन स्टेडियम में प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित हो रहे क्रिकेट मैच में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करने की अपील की है।



# अवैधानिक गर्भ समापन पर कार्यवाही की जावेगी-डा.खाद्योत

**नीमच, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला स्तरीय डीएलसी की बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समस्त नर्सिंग होम एवं शासकीय संस्थारओं के नोडल चिकित्सक उपस्थित रहे। बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.खाद्योत ने एम.टी.पी.एक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी और निर्देश दिए गए, कि इस एक्ट के तहत प्रदाय की जाने वाली मासिक जानकारी समय पर सीएमओ कार्यालय में उपलब्ध कराये। बैठक में उपस्थित सदस्यों से एक्ट के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की गई।

बैठक में डॉ.खाद्योत ने बताया, कि अपंजीकृत और गैर चिकित्सिक द्वारा दवाईयां एवं अन्य माध्यम से गर्भसमापन करना वैधानिक नहीं है, जो भी व्यृक्ति इस कृत्य में शामिल पाया जावेगा, उस पर एम.टी.पी.एक्ट के तहत कार्यवाही की जावेगी। इसी प्रकार गर्भसमापन की दवाईयां भी बिना किसी चिकित्सक की सलाह के सीधे मेडीकल स्टोर से प्रदान करना पूर्णत:अवैधानिक होकर गलत है, ऐसी स्थिति में यदि कोई दोषी पाया जाता है, तो उस पर दण्डातत्मक कार्यवाही की जावेगी।

# महाविद्यालय में तीन दिवसीय युवा उत्सव का समापन



**मंदसौर, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर के प्राचार्य डॉ. दिनेश चन्द्र गुप्ता ने बताया कि म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार महाविद्यालय में 03 दिवसीय युवा उत्सव 2024-25 दिनांक 21 अक्टूबर, 2024 को सम्पन्न हुई। स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष माननीय श्री नरेशजी चंदवानी ने युवा उत्सव प्रतियोगिता के दौरान जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को बधाई दी।

युवा उत्सव अन्तर्गत दिनांक 21 अक्टूबर, 2024 (तृतीय दिवस) को एकांकी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अर्पित परमार बीए तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर रविराज शर्मा बीएससी तृतीय वर्ष, स्किट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सुधांशु भावसार बीए तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर रविराज शर्मा बीएससी तृतीय वर्ष, एकल वादन (नान परकुशन) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ऐश्वर्य देशमुख बीसीए प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान पर देवांश लोहार बीए द्वितीय वर्ष, तृतीय स्थान पर अनिष्का राठौर बीए प्रथम वर्ष, एकल वादन (परकुशन) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अवि बरेड़ा बीबीए तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर यतेंद्र भाटी बीसीए तृतीय वर्ष, एकल गायन (पाश्चात्य) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर गीतांश जैन बीएससी तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर यतेंद्र भाटी बीसीए तृतीय वर्ष, तृतीय स्थान पर प्रियांशी जैन बीबीए प्रथम वर्ष, समूह गायन (पाश्चात्य) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रितिका शर्मा बीबीए तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर गीतांश जैन बीएससी तृतीय वर्ष, तृतीय स्थान पर प्रियांशी जैन बीबीए प्रथम वर्ष, एकल गायन (शास्त्रीय) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर यतेंद्र भाटी बीसीए तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर राजश्री सांखला एमए तृतीय सेम, तृतीय स्थान पर पायल बीए तृतीय वर्ष, समूह गायन (भारतीय) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जया प्रकाशिका बीएससी तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर युक्ता बोराना बीएससी वर्ष, तृतीय स्थान पर राधिका बैरागी बीएससी तृतीय वर्ष, सुगम गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राजश्री सांखला एमए तृतीय सेम, द्वितीय स्थान पर यतेंद्र भाटी बीसीए तृतीय वर्ष, तृतीय स्थान पर वंदना सोलंकी एमएससी तृतीय सेम, एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दीपशिखा सोलंकी बीएससी प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान पर साक्षी सोनी बीबीए द्वितीय वर्ष, तृतीय स्थान पर राधिका बैरागी बीएससी तृतीय वर्ष, समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर निशा जैन एमए प्रथम सेम, अभिनव चौहान बीकॉम. द्वितीय वर्ष, साक्षी सोनी बीबीए द्वितीय वर्ष, भाग्यश्री एमएससी प्रथम सेम., विनय बीकॉम तृतीय वर्ष, दिव्यांशी सोनी बीकॉम. द्वितीय वर्ष, रितिका शर्मा बीबीए तृतीय वर्ष, ज्योति योगी बीए द्वितीय वर्ष।

युवा उत्सव की संयोजक डॉ. विनीता कुलश्रेष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय स्तर पर आयोजित युवा उत्सव में जिला स्तर के लिये चयनित प्रतिभागियों की प्रतियोगिताएँ दिनांक 11, 12, 13 एवं 14 नवम्बर, 2024 को आयोजित होगी। इस अवसर पर महाविद्यालय की युवा उत्सव की कोर समिति सदस्य प्रो. प्रीति श्रीवास्तव, प्रो. सीमा जैन, प्रो. गोरा मुवेल, प्रो. शिवानी जाट, प्रो. पूजा गर्ग, प्रो. सोहनलाल यादव, प्रो. मीनल ग्वाला, प्रो. शिखा ओझा, प्रो. कुन्दन माली, प्रो. नेहा दीक्षित, प्रो. शबनम खान सहित महाविद्यालयीन स्टॉफ की उपस्थिति रही।

# नव प्रवेशित छात्रों का दीक्षारम्भ कार्यक्रम का शुभारंभ

**मंदसौर, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अरविंद कुमार शुक्ला के निर्देशन में उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर द्वारा को नवीन शिक्षा नीति के तहत नव प्रवेशित छात्रों के अभिप्रेरण कार्यक्रम का शुभारंभ उद्यानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आई. एस. तोमर की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। नव प्रवेशित छात्रों को कार्यक्रम के प्रथम दिवस तिलक चंदन, कलावा एवं पुष्प गुच्छ से सीनियर विद्यार्थियों द्वारा स्वागत किया गया।

सरस्वती वंदना एवं नित्य वंदना के उपरांत कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसमें सर्वप्रथम महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.आई.एस. तोमर ने विद्यार्थियों का अभिमुखीकरण किया तथा कृषि शिक्षा के महत्व एवं भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अध्यापकों एवं स्टाफ के सदस्यों ने अपना परिचय दिया तथा नव प्रवेशित छात्रों से भी परिचय प्राप्त किया।



# दशपुर रंगमंच ने प्रसिद्ध पार्श्वगायक मन्ना डे की पुण्यतिथि मनाई

**मंदसौर, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर की सांस्कृतिक संस्था दशपुर रंगमंच ने प्रसिद्ध पार्श्वगायक मन्ना डे की पुण्यतिथि उनके गाये गीतों को सुनाकर मनाई। कार्यक्रम की शुरूआत हरिश लक्कड़ ने मन्ना डे द्वारा गाये गीत कसमें वादे प्यार वफा सब बाते हैं, बातों का क्या से हुई। श्याम गुप्त ने गीत जिन्दगी कैसी है पहेली प्रस्तुत किया। सतीश सोनी ने नगमा ए मेरी जोहराजबी तुझे मालुम नहीं सुनाया। अभय मेहता ने गीत ऐ मेरे प्यारे वतन, ऐ मेरे बिछड़े चमन सुनाया।, मीना जैन ने तुझे सूरज कहू या चंदा प्रस्तुत किया। लोकेन्द्र पाण्डे ने गीत तुम बेसहारा हो तो किसी का सहारा बनो सुनाया। राजा भैया ने गीत आजा सनम मधुर चांदनी में हम तथा आरक्षक नरेन्द्र सागोरे ने ए भाई जरा देख के चलो को बखूबी प्रस्तुत किया। आबिद भाई ने गीत हर तरफ अब यही अफसाने है गाया। हिमांशु वर्मा व सिमरन बेलानी ने युगल गीत प्यार हुआ इकरार हुआ प्रस्तुत किया। संचालन करते हुए संस्था के संस्थापक अभय मेहता ने बताया कि मन्ना डे ने 3 हजार से अधिक गीत गाये है। आपको फिल्म फेयर पुरस्कार पद्मश्री एवं पदम भूषण से भी नवाजा गया है। आभार ललिता मेहता ने व्यक्त किया।

# शिक्षकों और माता-पिता की साझा जिम्मेदारी विद्यार्थी हो सुविकसित

## महाविद्यालय के प्रबंध विभाग में शिक्षक-अभिभावक बैठक सम्पन्न



**मंदसौर, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पीएम एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्रबंध विभाग में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन छात्र के शैक्षणिक प्रदर्शन और समग्र कल्याण पर चर्चा करने के लिए कक्ष क्रमांक 101 में किया गया।

इस अवसर पर स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री नरेश जी चंदवानी ने अभिभावकों से कहा कि इस बैठक में आपका आना छात्र के विकास की सकारात्मक सीढ़ी है। प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को संस्कारयुक्त बनाने हेतु शिक्षकों एवं अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, आपको अपने बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए सही एवं तनाव मुक्त वातावरण बनाने का प्रयास करना चाहिए। प्रबंध विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर योगेश पटेल ने शिक्षक अभिभावक बैठक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाविद्यालय में छात्रों के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध है जिसका उपयोग छात्र कक्षाओं में नियमित उपस्थित रहकर कर सकता है। प्रबंध विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. रजत जैन ने बड़ी संख्या में उपस्थित पालकों का महाविद्यालय के इस बैठक में स्वागत एवं संबोधित करते हुए कहा कि हम स्वयं के प्रति ईमानदार रहें। पालक विद्यार्थियों को केवल महाविद्यालय भेज कर अपने दायित्व की इति श्री ना समझे बल्कि अपने पुत्र एवं पुत्री की हर गतिविधियों पर नजर रखते हुए उन्हें पर्याप्त समय देने के साथ दोस्ताना व्यवहार भी रखें। सही स्तर के सहयोग से, छात्रों को अधिक सामाजिक-भावनात्मक विकास और उनकी शिक्षा के प्रति अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण की दिशा में काम करते हुए सफलता के उच्च स्तर प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रोफेसर साक्षी विजयवर्गीय ने कहा कि जब माता-पिता और शिक्षक खुले तौर पर और प्रभावी ढंग से संवाद करेंगे, तो वे शैक्षिक परिणामों का समर्थन करने के लिए एकजुट मोर्चा बनाते हुए, छात्रों के लिए बेहतर सीखने का माहौल मिलकर बना सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर शालू नलवाया ने करते हुए अभिभावकों को विद्यार्थियों की परफॉर्मेंस रिपोर्ट साझा की। इस बैठक में प्राध्यापकों, अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया एवं अपने विचारों का आदान प्रदान किया।

# कलेक्टर ने समितियों के प्रबंधकों को माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शुक्रवार को किसान संगोष्ठी आयोजित करने के निर्देश दिए

**नीमच, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा द्वारा किसानों को जागरूक करने के लिए जिले की बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था ओं में किसान संगोष्ठी आयोजित करने के निर्देश सोसायटियों के प्रबंधकों को दिए है। इस किसान संगोष्ठी में किसानों को डी.ए.पी. खाद के विकल्प के तौर पर एन.पी.के, एस.एस.पी. के उपयोग हेतु किसानों को जागरूक एवं प्रेरित किया जावेगा। नैनो डी.ए.पी. एवं नैनो यूरिया के उपयोग हेतु किसानों को जागरूक एवं प्रेरित किया जावेगा। किसानों को खाद के अग्रिम उठाव, किसान क्रेडिड कार्ड के संबंध में जागरूक एवं प्रेरित कर शासन द्वारा दी जानी वाली शून्य प्रतिशत ब्याज दर, ऋण योजनाओं के संबंध अवगत कराया जावेगा। किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर लिए गए ऋण को समय पर जमा करवाने हेतु जागरूक व प्रेरित किया जावेगा। एग्रिकल्चर टर्म लोन के संबंध में किसानों को जानकारी दी जावेगी। शासन की योजनाओं जैसे उपार्जन आदि में किसानों को भाग लेने, नए किसानों को संस्थाओं के सदस्य बनाने हेतु प्रेरित किया जावेगा। कॉमन सर्विस सेंटर, प्रधानमंत्री जन औषधी केंद्र आदि के संबंध जागरूक करने करने के साथ ही नरवाई प्रबंधन के बारे में कृषकों को जानकारी दी जावेगी। कलेक्टर ने सभी समितियों के प्रबंधकों को निर्देशित किया, कि उपरोक्तानुसार विषयों के साथ समय-समय पर शासन द्वारा लागू की जाने वाली योजनाओं, दिशा निर्देशों, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, आत्मा द्वारा संचालित विभिन्नं शासकीय योजनओं के संबंध में किसानों को अवगत कराने हेतु माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शुक्रवार को सभी बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाहओं में किसान संगोष्ठी आयोजित करना सुनिश्चित करे।

# कलेक्टर ने किया शासकीय प्रोजेक्ट के लिए प्रस्तावित भूमि का अवलोकन



**नीमच, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा ने बुधवार को नीमच के केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 नीमच के समीप स्थित उपलब्ध शासकीय जमीन नवीन सर्किट हाउस नीमच के समीप स्थित शासकीय जमीन एवं हवाई पट्टी से लगी हुई शासकीय जमीन का मौके पर अवलोकन कर प्रस्तावित विभिन्न शासकीय प्रोजेक्ट के लिए उपलब्ध भूमि की उपयुक्तता का जायजा लिया और मौका मुआयना किया। इस मौके पर एस.डी.एम. ममता खेड़े तहसीलदार श्री संजय मालवीय, राजस्व टीम एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री सी.के.शर्मा एवं पी.आई.यू के सहायक यंत्री श्री रिंकु चौहान भी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री चन्द्रा ने हवाई पट्टी के समीप निर्मित केंद्रीय विद्यालय नीमच क्रमांक 2 से लगी हुई सी.एम.राईज स्कूल नीमच के लिए आवंटित शासकीय जमीन, पहुंच मार्ग उपलब्ध शासकीय जमीन, सी.एम.राईज स्कूल भवन निर्माण के लिए आवंटित भूमि का मौके पर अवलोकन किया। उन्होंने सर्किट हाउस से लगी हुई पिपलियाबाग रोड़ पर म.प्र. हाउसिंग बोर्ड को आवासीय कॉलोनी के लिए प्रस्तावित जमीन का मौके पर निरीक्षण कर अवलोकन किया। कलेक्टर ने नीमच की हवाई पट्टी के लिए भविष्य में किए जाने वाली विस्तार कार्यों के लिए उपलब्ध जमीन एवं उपयुक्तता का भी जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 1283 | 2100 | 2551 |
| उडद | 97 | 5801 | 7320 |
| सोयाबीन | 6800 | 3800 | 4700 |
| गैहु | 2800 | 2620 | 3300 |
| चना | 156 | 6000 | 6900 |
| मसुर | 190 | 5800 | 6401 |
| धनिया | 325 | 5300 | 7000 |
| लहसुन | 12000 | 10100 | 27500 |
| मैथी | 790 | 4300 | 6100 |
| मुंगफली | 8000 | 4000 | 5120 |
| अलसी | 1868 | 5800 | 6225 |
| सरसो | 293 | 5250 | 5720 |
| तारामीरा | 1 | 4800 | 4800 |
| इसबगोल | 132 | 9200 | 12950 |
| प्याज | 3500 | 1281 | 3900 |
| कलोंजी | 31 | 11900 | 17937 |
| तुलसी बीज | 7 | 18000 | 21091 |
| डॉलर | 39 | 8800 | 12700 |
| तिल्ली | 41 | 10601 | 12600 |
| जौ | 5 | 2400 | 2579 |
| मटरसुखी | 2 | 2201 | 3000 |
| असालीया | 58 | 10500 | 12400 |
| मूंग | 000 | 0000 | 0000 |





# जिला स्तरीय रोजगार मेले में 152 युवाओं का प्राथमिक चयन

**मंदसौर, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय मन्दसौर द्वारा शासकीय आई टी आई सीतामऊमें जिला स्तरीय रोजगार मेले का अयोजन किया गया। जिसमें 10 कंपनिया गैल इंस्टीट्यूट ऑफ स्कील गुना,इन्दौर, जस्ट डायल मुबंई, चेकमेट सर्विस प्रा.लि. वडोदरा, अटेला आर्गेनिक इंडस्ट्रीज दलौदा ,सिद्धि विनायक बायो फर्टिलाइजर मंदसौर, कृषिधन बायो केयर इंदौर, बी एस एस माइक्रोफाइनेंस बैंगलोर, न्यू जील फैशन वेयर, मदर सन ऑटोमेटिव सानंद, आर एस सिक्योरिटी, जयपुर उपस्थित हुई। मेले में कुल 256 युवाओं का पंजीयन किया एवं 152 युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किया गया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती मनुप्रिया विनीत यादव, संयुक्त कलेक्टर एवं जिला रोजगार अधिकारी श्री राहुल चौहान एवं युवा उपस्थित थे।


जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती यादव द्वारा कहा गया कि प्रति माह जिला स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जका रहा है। जिससे युवाओं को रोजगार मिल रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें माह अगस्त 2024 में कुल 356 युवाओं ऑफर लेटर वितरण किये गये थे माह सितंबर में कुल 251 युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किये गये।

## दो आरोपियों को छह माह तक थाना हाजरी का आदेश

**नीमच, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टंर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1090 की धारा-5(क,ख) के तहत आरोपी जाकीर पिता फकीर मोहम्मद निवासी मनासा, पुलिस थाना मनासा एवं आरोपी मनीष पिता नंदकिशोर यादव निवासी धानका मोहल्ला नीमच, पुलिस थाना नीमच कंट को छह-छह माह के लिए समाचार बनाये रखने के लिए पुलिस थाना मनासा एवं नीमच कंट में सप्ताह में एक दिन थाना हाजरी का आदेश जारी किया गया है।

# नौ संस्थाओं से लिए खाद्य पदार्थ के नमूने

**नीमच, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान निरंतर जारी है।इस अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री यशवंत कुमार शर्मा ने बुधवार को रतनगढ में कार्यवाही करते हुए अली किराना ,केशर किराना सेंटर , ,अरिहंत किराना स्टोर ,रोहित किराना ,नामदेव किराना , नागर मिष्ठान भंडार ,अंबिका जोधपुर मिष्ठान , सत्यविजय मिष्ठान भंडार का



निरीक्षण कर जांच की गईतथा अली किराना स्टोर पुराना बस स्टैंड से एक नमूना आरबी कच्छी घानी मूंगफली तेल पैक, ,अरिहंत किराना राधाकृष्ण मार्केट से एक चक्र ब्रांड तेजा मिर्ची पैक,एक नमूना केसरी रवा सूजी पैक, व एक नमूना मारुति गोद बेसन पैक, रोहित किराना स्टोर सब्जी मंडी पुराना बस स्टैंड से एक मिराज सोन पपडी व एक नमूना कृति प्रीमियम मस्टर्ड ऑयल पैक, नागर मिष्ठान भंडार सब्जी मंडी पुराना बस स्टैंड से एक नमूना मावा बर्फी लूज एवं अंबिका जोधपुर मिष्ठान भंडार बस स्टैंड से एक नमूना गुलाब जामुन लूज के लिए। सभी नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल एवं इंदौर लेबोरेटरी को भेजा जा रहे है, जहां से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। दीपावली के त्यौहार को देखते हुए कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## राज्य शासन पॉक्सो अधिनियम 2012 के तहत पीड़ितों को देगी सुरक्षा और आर्थिक सहायता-प्रभारी मंत्री

**मंदसौर, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश सरकार अब लैंगिक अपराध से पीड़ित नाबालिगों को संरक्षण और वित्तीय सहायता देगी। महिला-बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 (संशोधित 2019) की धारा 4 एवं 6 के तहत 18 वर्ष तक के पीड़ितों को सहायता एवं निर्भया फंड से वित्तीय सहायता प्रदान करने का निर्णय मंत्रि-परिषद द्वारा किया गया।



मंत्री सुश्री भूरिया ने बताया कि योजना का उद्देश्य 18 वर्ष तक लैंगिक अपराध से पीड़ित नाबालिग गर्भवती बालिका को पॉक्सो अधिनियम 2012 के तहत एक ही स्थान पर एकीकृत सहयोग एवं वित्तीय सहायता प्रदान करना है। पीड़िता को तत्काल, आपातकालीन एवं गैर आपातकालीन सेवाएं प्रदान करना एवं दीर्घकालिक पुनर्वास के लिये विभिन्न सुविधाएं जैसे शिक्षा, पुलिस सहायता, चिकित्सा जिसमें मातृत्व, नवजात शिशु, शिशु की देख-भाल शामिल है। साथ ही मनोवैज्ञानिक, कानूनी सहायता आदि सुविधाएं भी प्रदान की जाती है। मंत्री सुश्री भूरिया ने बताया कि यह योजना महिला-बाल विकास मंत्रालय द्वारा निर्भया फंड के तहत 100 प्रतिशत केन्द्र वित्त पोषित योजना के रूप में संचालित की जायेगी। इसमें प्रदेश के प्रत्येक जिले को 10 लाख रुपये आवंटित किये जायेंगे। राज्य वास्तविक घटना और जिलों की आवश्यकता के अनुसार राशि का उपयोग कर सकते हैं। जिला स्तर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी इस निधि का उपयोग जिला कलेक्टर के समग्र नियंत्रण में कर सकेंगे।

# किसानों को खाद के लिये चिंता करने की आवश्यकता नहीं-कृषि मंत्री

## जिलों की मांग एवं विक्रय की स्थिति को देखते हुए कराया जा रहा है उर्वरक भंडारण, बोनी की प्राथमिकता एवं उपलब्ध स्टॉक अनुसार जिले में की जा रही है उर्वरक व्यवस्था

**मंदसौर, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि किसानों को खाद के लिए चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। राज्य सरकार के पास पर्याप्त खाद उपलब्ध है। किसानों को खाद के लिए किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी दी जाएगी। किसानों को व्यवस्थित तरीके से खाद का वितरण कराया जाएगा। रबी मौसम 01 अक्टूबर से 31 मार्च तक का होता है, जिसमें उर्वरक मंत्रालय, केन्द्र सरकार व्दारा माहवार एवं कंपनीवार उर्वरक का आवंटन जारी किया जाता है। कंपनियां आवंटन अनुसार



उर्वरक प्रदेश में उर्वरक प्रदाय कर रही हैं। प्रदेश में रबी फसलों की बोनी 1 अक्टूबर से 30 दिसंबर के मध्य होती है। सर्वप्रथम चंबल एवं ग्वालियर संभाग में बोनी होनी है। बोनी की प्राथमिकता एवं जिले में उपलब्ध स्टॉक को ध्यान में रखकर उर्वरक व्यवस्था की जा रही है। विगत वर्ष 1 अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक 18.82 लाख मीट्रिकटन यूरिया का विक्रय हुआ था। केन्द्र सरकार द्वारा रबी 2024 केलिये 22 लाख मीट्रिकटन यूरिया प्रदाय करने की सहमति प्रदाय की गई है।

**गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक खाद उपलब्ध**-माह अक्टूबर 2023 में यूरिया का विक्रय 4.67 लाख मीट्रिक टन हुआ था, जिसके विरूध्द अक्टूबर 2024 में 8.53 लाख मीट्रिक टन ट्रांजिट सहित उपलब्ध है। इसमें से 2.40 लाख मीट्रिक टन यूरिया का विक्रय हुआ है और 6.13 लाख मीट्रिक टन स्टॉक में उपलब्ध है। विगत वर्ष 1 अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक डीएपी एवं एनपीके 10.36 लाख मीट्रिक टन का विक्रय हुआ था। केन्द्र सरकार द्वारा रबी 2024-25 के लिये 14 लाख मीट्रिक टन का आवंटन प्रदान किया गया है। माह अक्टूबर 2023 में डीएपी एवं एनपीके का विक्रय 4.37 लाख मीट्रिक टन हुआ था, जिसके विरूद्ध अक्टूबर 2024 में 5.58 लाख मीट्रिक टन ट्रांजिट सहित उपलब्ध है। इसमें से 2.20 लाख मीट्रिक टन डीएपी एवं एनपीके का विक्रय हुआ है और 3.36 लाख मीट्रिक टन स्टॉक में उपलब्ध है। प्रदेश में यूरिया एवं डीएपी, एनपीके की रैक निरंतर प्राप्त हो रही है। जिलों की मांग अनुसार रैक उपलब्ध कराई जा रही है। कृषि मंत्री श्री कंषाना ने बताया कि जिलों की मांग एवं विक्रय की स्थिति को ध्यान में रखकर रैक की प्लानिंग की जा रही है। प्राप्त रैक से मांग एवं विक्रय के अनुसार विपणन संघ व्दारा डबल लॉक केन्द्रों में उर्वरकों का भंडारण कराया जा रहा है। डबल लॉक केन्द्रों पर टोकन द्वारा वितरण करने के लिये निर्देश दिये गये हैं। व्यवस्थित ढंग से खाद का वितरण कराया जा रहा है। साथ ही निजी क्षेत्र के उर्वरक विक्रय केन्द्रों पर सतत् निगरानी करने के निर्देश दिये गये हैं।

**रबी फसलों की एमएसपी में वृद्धि किसानों के लिये ऐतिहासिक सौगात**-किसान कल्याण एवं कृषि विकासमंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि केन्द्र सरकार किसानों को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अन्नदाता की प्राथमिकता सर्वोपरि है। रबी विपणन सीजन 2025-26 के लिए छह रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है, जो किसानों के लिये बड़ी सौंगात है। केन्द्र सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये, जौ का 1980 रूपये, मसूर का 6700 रूपये, रेपसीड और सरसों का 5950 रूपये, कुसुम का 5940 रूपये और चना का 5650 रूपये निर्धारित किया गया है।

## श्रीमती ठाकुर को नप सिंगोली के सीएमओ का अतिरिक्त प्रभार

**नीमच, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा द्वारा म.प्र. नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 90 के तहत प्रशासकीय कार्य व्यवस्था की दृष्टिसे नगर परिषद डीकेन में पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती प्रमिला ठाकुर को अपने वर्तमान कार्य के साथ मुख्य नगरपालिका अधिकारी, सिंगोली के मुख्य नगरपालिका अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार तत्काल प्रभाव से सौंपा गया है। शासन से मुख्य नगरपालिका अधिकारी की पदस्थापना होने पर यह आदेश स्वतः निरस्त माना जावेगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# राज्य स्तरीय हॉकी में उज्जैन संभाग विजेता, इंदौर उप विजेता रहा





**मंदसौर, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** उज्जैन संभाग आज पुरे देश में प्रसिद्ध है खेलों के माध्यम से शरीर और मन शुद्ध और स्वच्छ रहता है। मजबूत इच्छा शक्ति से जीत हासिल होती है और कामयाबी कदम चूमती है, उक्त उदगार जिला भाजपा अध्यक्ष श्री नानालाल अठोलिया ने उच्च शिक्षा विभाग के राज्य स्तरीय महिला पुरुष हॉकी प्रतियोगिता के समापन समारोह पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। वहीं जनभागीदारी अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी ने कहा की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सभी दलों ने अपना अपना खेल दिखाया लेकिन जीतता वही है जो निरंतर अभ्यास करता है और अनुशासित रहता है। मंचासीन श्री अटोलिया, खेल युवा अधिकारी श्री विजेंद्र देवडा, प्राचार्य डॉ. डी. सी. गुप्ता आदि का स्वागत की बेला से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

प्रतियोगिता मे पुरुष वर्ग में विजेता उज्जैन संभाग उपविजेता इंदौर संभाग रहा। वही महिला वर्ग में विजेता उज्जैन संभाग रहा और उपविजेता ग्वालियर संभाग रहा। सभी विजेता और उपविजेता दलों के खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका भोपाल के फिरोज दाद, शादाब खान और वैभव चोरसिया आदि ने निभाई। कार्यक्रम का सफल संचालन क्रीड़ा अधिकारी राजू कुमार ने किया और आभार प्राचार्य डॉ. डी. सी. गुप्ता ने माना।

# अक्टूबर बीतने को है अभी तक नवीन अफीम फसल नीति की घोषणा नहीं होने से अफीम काश्तकार है चिंतित

## जागरूक विधायक विपीन जैन ने केन्द्रीय वित्तमंत्री को पत्र लिखकर शीघ्र अफीम नीति घोषित करने की मांग की

**मंदसौर, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** अक्टूबर माह लगभग बीतने को है लेकिन अभी तक नवीन अफीम फसल नीति की घोषणा नहीं होने से अफीम किसान चिंतित व असमंजस में है। अफीम काश्त को लेकर केन्द्र सरकार व जिम्मेदारों की ढूलमूल नीति समझ से परे है। अफीम किसानों की



समस्याओं को लेकर संवेदनशील व जागरूक विधायक विपिन जैन ने केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर अफीम फसल नीति वर्ष 2024-25 को शीघ्रअतिशीघ्र घोषित किए जाने की मांग की है।

उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजनारायण लाड़ ने बताया कि मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन द्वारा केंद्रीय वित्त मंत्री भारत सरकार को पत्र प्रेषित कर कहा है की अफीम उत्पादन के क्षेत्र में मंदसौर अग्रणी है नीति घोषित नहीं होने से अफीम उत्पादक किसान चिंतित हैं। वर्तमान मे अफीम की फसल को बोये जाने का समय प्रारंभ हो गया है परंतु इस वर्ष अफीम फसल नीति की घोषणा अभी तक नही हुई है जिसके कारण अफीम उत्पादक किसान अफीम फसल को बोये जाने को लेकर असमंजस में है प्रतिवर्ष अफीम फसल नीति सितंबर माह के आस पास घोषित हो जाती है ताकि निर्धारित समय पर अफीम उत्पादक किसान फसल बोकर अच्छा परिणाम आने की आशा करता है। विधायक श्री जैन ने कहा कि अफीम उत्पादन के क्षेत्र में मंदसौर, नीमच अग्रणी है और अफीम फसल नीति की घोषणा नही होने से क्षेत्र से लगातार अफीम उत्पादक किसानो द्वारा फसल नीति घोषित करने के संबंध में मांग की जा रही है नीति घोषित नही होने से फसल देरी से बोई जाएगी जो अप्रेल माह तक तैयार होगी वही गर्मी बढ जाने व कम ठंड के कारण फसल में कई तरह की बिमारिया भी आ जाती है जिसके निवारण में किसानो को कॉफी अधिक पैसा खर्च होता है और वही मौसमी मार के कारण औसत पूर्ण नही होने का भी डर किसानो को सताये रहता है। श्री जैन ने केन्द्रीय वित्त मंत्री से आग्रह किया कि किसान हित को देखते हुए शीघ्र अतिशीघ्र अफीम फसल नीति वर्ष 2024-25 घोषित करने का श्रम कर क्षेत्र के अफीम उत्पादक किसानो को राहत प्रदान करें।



## टोड़ी में साईकल वितरीत की

**मंदसौर, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय मीडिल स्कूल गौरव विद्यालय टोडी मंदसौर में साईकल वितरण कार्यक्रम हुआ। जिसमें क्षेत्र के समाजसेवी नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष इंद्र मोहन सैनी एवं क्षेत्रीय पार्षद शैलेंद्र गिरी गोस्वामी , सांसद प्रतिनिधि कपिल भंडारी, पूर्व पार्षद विजय पोपट के हाथों बालिकाओं को माला पहनाकर फल फ्रूट वितरण कर सायकल सौंपी। इस अवसर पर श्री सैनी ने कहा में भी इस स्कूल में में सहयोग करता आया हूं और भविष्य में भी सहयोग करता रहूंगा। श्री भंडारी ने शासन की योजनाओं की बच्चों को जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती पुष्पांजलि शर्मा एवं श्रीमती रीना वर्मा ने सभी अतिथियों का आभार माना।

## नीमच में वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न

**नीमच, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला चिकित्सालय नीमच द्वारा बुधवार को रेडक्रॉस सभागार में सिविल सर्जन डॉ.महेंद्र पाटिल के मार्गदर्शन में वृद्धजनों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 97 वृद्धजनों ने उपचार का लाभ लिया। वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.मनीष यादव, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.संगीता भारती, मेडीकल विशेषज्ञ डॉ.भानप्रताप अहिरवार, डॉ.विनय वर्मा, दंत चिकित्सक डॉ.प्रियंका देवपुरिया ने शिविर में मरीजों का परीक्षण कर, उपचार किया एंव नि:शुल्क दवाई वितरित की। एनसीडी क्लिनिक स्टाफ श्री मनीष व्यास, नीलम वैध एव नर्सिंग विद्यार्थी फिजा खान ने मरीजों के बी.पी. शुगर की जाँच कर, पीला कार्ड बनाया और वृद्धावस्था से जुड़ी देखभाल के बारे में जानकारी दी।

# आयुर्वेद रोगों का नहीं अपितु जीवन का विज्ञान-डॉ. शर्मा

## आयुर्वेद दिवस पर योग भवन में आयोजित हुआ शिविर, 72 रोगियों का हुआ उपचार

**मंदसौर, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर योग शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में जिला आयुष विभाग के सहयोग से आयुर्वेद दिवस पर नूतन स्टेडियम परिसर स्थित योग भवन में बुधवार को प्रात: 9 से दोप. 12 बजे तक नि:शुल्क आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा शिविर एवं योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। इस शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. कैलाशचन्द्र शर्मा व डॉ. राकेश राठौर सहित स्टॉफ ने अपनी सेवाएं देते हुए 72 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा उन्हें नि:शुल्क दवाईयां भी दी गई। योग गुरू सुरेन्द्र जैन ने योगाभ्यास कराया।



इस अवसर पर डॉ. कैलाशचन्द्र शर्मा ने कहा कि आयुर्वेद रोगों का नहीं अपितु जीवन का विज्ञान है। आयुर्वेद, भारत का एक स्वदेशी प्राचीन चिकित्सा विज्ञान है जो 5 हजार वर्ष से अधिक पुराना है। औषधीय प्रयोजन के लिए जड़ी-बूटियों के उपयोग का उल्लेख दुनिया के सबसे पुराने उपलब्ध लिखित साहित्य ॠग्वेद में मिलता है। पुन: भारत में आयुर्वेद के प्रति लोगों का रूझान बड़ा है। समीपस्थ राजस्थान में आयुर्वेद को ऐलोपेथी से अधिक अपनाया जाने लगा है। डॉ. राकेश राठौर ने आयुर्वेद को स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी बताते हुए कहा कि उपचार के इस पद्धति पर विश्वास करने के कारण आज आयुर्वेद सिर्फ भारत तक ही सीमित नहीं रहा है। यह एक प्राकृतिक इलाज है। कोविड-19 के दौरान भी कई रोगी आयुर्वेदिक इलाज से ठीक हुए है।आपने उपस्थितजनों से आयुर्वेद को अपनाने का आव्हान किया। योग गुरु सुरेन्द्र जैन ने कहा कि योग और आयुर्वेद एक दूसरे के पर्याय है। दोनों का उद्देश्य प्रकृति से मनुष्य को जोड़ना है। श्री जैन ने विभिन्न योग क्रियाओं के अभ्यास कराये। इस अवसर पर चिकित्सकों एवं स्टॉफ का स्वागत योग शिक्षक ओमप्रकाश गर्ग, विजय पलोड, धर्मदास संगतानी, प्रेमेंद्र चोरड़िया, ललित वरमंडलवाला, कृष्णा मण्डलोई ने किया। इस अवसर पर महेश सेठिया, गोपाल पलोड, कंवरलाल पाटीदार, गोपाल पाटीदार, सुभाष पाटीदार, राजेन्द्र चाष्टा, हंसा पाटीदार, अलका उदिवाल, श्री उदिवाल, महेंद्र जारोरी, मीना आलवानी आदि भी उपस्थित रहे। अंत में आभार योग संस्था सचिव लोकेन्द्र जैन ने माना।

## कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने पिपलियामंडी ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया



**मंदसौर, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने नगर परिषद पिपलिया मंडी के ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ट्रेंचिंग ग्राउंड पर बने वेस्ट टू आर्ट थीम की काफी सराहना की वहीं ट्रेंचिंग ग्राउंड पर बने प्रोसेसिंग प्लांट कंपोस्ट पिट, एफएसटीपी, एमआरएफ सेंटर की तकनीक का निरीक्षण किया। नगर परिषद अधिकारियों द्वारा कलेक्टर को हमारा छोटू स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर कैंपेन की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने इस दौरान पौधारोपण भी किया। उक्त निरीक्षण में एसडीएम श्री रविंद्र परमार, तहसीलदार, सीएमओ श्री प्रवीण सेन, उपयंत्री श्री राजेश उपाध्याय व कर्मचारी मौजूद रहे।

## चार संस्थानों से लिए सेम्पल

**मंदसौर, 23 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला कलेक्टर के निदेशानुर्सार आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए, खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। 23 अक्टूबर बुधवार को कार्यवाही के दौरान चार संस्थानों का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते नमूने जब्त किये गये है। जिन्हें राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया हैं।



खाद्य सुरक्षा अधिकारी बी एस जामोद ने बताया कि 23 अक्टूबर बुधवार को कार्यवाही के दौरान मंदसौर के मक्खन रेस्टोरेन्ट नयाखेड़ा से मलाईबर्फी, शंकर स्वीट्स नमकीन से सेंव, कागला फूडसे सोन पपड़ी और सांवरिया डेयरी से मिल्क के नमुने लिये गये हैं। सभी खाद्य नमुनों को गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य प्रयोगशाला मप्र भोपाल भेजे गये है जहां से जांच रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई की जायेगी। कार्रवाई के दौरान सभी संस्थानो को अपने यहां साफ सफाई रखने एवं पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये।


इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर
त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन
डॉ. परीक्षित शर्मा
एम.डी. (स्कीन)
दिनांक 27 अक्टूबर रविवार को सुबह 10 से 4 बजे और
सोमवार 28 अक्टूबर को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।
सुविधाएं-* चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, * एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, * शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, * गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, * असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, * शरी पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, * लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, * बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, * नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, * सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)
करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे,
स्टेशन रोड, मंदसौर सम्पर्क-9424813088



* पूजारी चाहिए *
श्री हरिहर धाम
वेदांत विहार, लक्ष्मी नगर, अभिनंदन रोड, मंदसौर
मंदिर में विराजित दिव्य प्रतिमाओं के पूजन और आरती के लिए पूजारी की आवश्यकता है।
** संपर्क समय**
दोपहर 2 बजे से शाम 06 बजे तक
मो. 9424033322, 9425105927



कार्यालय- दीपक सैनी एड०होकेट
गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर
मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)
दिनांक- 22.10.2024
***जाहिर सूचना ***
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अर्जुनसिंह पिता भंवरसिंह जाति राजपूत, निवासी ग्राम झलारा, तहसील सीतामऊ जिला मंदसौर के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का आवासीय तल मंजिला भवन जो कि ग्राम झलारा, प.ह.नं. 3, गाईड लाईन अनुसार प.ह.नं. 00003, ग्राम पंचायत झलारा के आबादी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-5 व भवन पंजी क्रमांक 20 पर दर्ज होकर तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर में स्थित है। जिसका सह स्वामित्व विधिवत रजिस्टर्ड सह स्वामित्व विलेख ई पंजीकरण क्रमांक-एमपी 2494120240ए11246927 दिनांक 18.10.2024 से अपनी पत्नी श्रीमती पेपकुंवर पति अर्जुनसिंह जाति राजपूत, निवासी ग्राम झलारा, तहसील सीतामऊजिला मंदसौर को अपना सहस्वामी बनाया गया है। उक्त मकान की चर्तुःसीमा व पैमाईश निम्नवत है- चर्तुःसीमा- पूर्व में - आम रास्ता, पश्चिम में-दिलीपसिंह का मकान, उत्तर में-नेपालसिंह का खाली भूखण्ड, दक्षिण में-आम रास्ता, पैमाईश-लम्बाई पूर्व से पश्चिम 24 फीट, उत्तर से दक्षिण 25 फीट है। कुल क्षेत्रफल-600 वर्गफीट या 55.76 वर्गमीटर है।
उक्त संपत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।
भवदीय
दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in